J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 02.10.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# प्रशासनिक सेवाओं की तैयारियों के टिप्स दिए

जासं, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय में इंडस्ट्री रिलेशंस एवं एलुमनाई व कारपोरेट अफेयर सेल के सहयोग से प्रशासनिक सेवा की तैयारियों को लेकर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें आइएएस अधिकारी सुशील यादव ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित किया। सुशील यादव ने विद्यार्थियों के साथ अपनी सिविल सेवा परीक्षा एवं तैयारियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

**NEWS CLIPPING: 02.10.2019**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में दो सौ से ज्यादा छात्रों का प्लेसमेंट

**रोजगार**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में चलाए जा रहे प्लेंसमेंट अभियान के तहत छात्रों को अब तक 28.75 लाख रुपये सालाना का सबसे ज्यादा वार्षिक पैकेज मिला है। पिछले साल ये पैकेज 27 लाख रुपये का था।

विश्वविद्यालय के 13 छात्रों को बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स तथा क्लाउड कम्प्यूटिंग कंपनी अमेजन ने 28.75 लाख रुपये का पैकेज ऑफर किया है। वहीं 30 छात्रों को सैमसंग (आर एंड डी) ने 12 लाख रुपये का पैकेज दिया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि छात्रों को रोजगार दिलाना विश्वविद्यालय का प्रयास रहा है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. लखविन्द्र सिंह ने बताया कि मौजूदा सत्र में अब तक 2 सौ से ज्यादा छात्रों का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है।

इनमें डेकिन एयर कंडिशनिंग, हिताची, टीसीएस, सैमसंग, हीरो मोटोकॉप तथा मारूति सुजूकी आदि शामिल हैं।

**NEWS CLIPPING: 02.10.2019**

**AMAR UJALA**

# आईएएस की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को दिए टिप्स

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग 2010 बैच के छात्र एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी सुशील यादव मुख्य अतिथि रहे। विद्यार्थियों को आईएएस बनने के जरूरी टिप्स दिए। यह व्याख्यान विश्वविद्यालय के इंडस्ट्री रिलेशन्स सेल तथा एलुमनाई एवं कारपोरेट अफेयर सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपनी सिविल सेवा परीक्षा एवं तैयारियों से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 02.10.2019**

## DAINIK BHASKAR

**खुशी** • विवि में अब तक का सर्वाधिक पैकेज, अमेजन ने 13 व सैमसंग ने 30 को दिया आफर

2/10/2019 DB

# जेसी बोस विवि के छात्र को 28.75 लाख का पैकेज

**भास्कर न्यूज** | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के अब तक के प्लेसमेंट अभियान में स्टूडेंट्स को सर्वाधिक 28.75 लाख रुपए सालाना का वार्षिक पैकेज मिला है। इसके पहले गत वर्ष सर्वाधिक पैकेज 27 लाख रुपए का था। यूनिवर्सिटी के 13 स्टूडेंट को बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स तथा क्लाउड कम्प्यूटिंग कंपनी अमेजन ने 28.75 लाख रुपए का पैकेज ऑफर दिया है। जबकि 30 स्टूडेंट को सैमसंग ने 12 लाख का पैकेज ऑफर किया है। जिन स्टूडेंट को कंपनियों ने चयनित किया है, उनमें सभी बीटेक कंप्यूटर साइंस तथा आईटी से संबंधित हैं। सभी चयनित स्टूडेंट नियमित नौकरी से पहले इंटर्नशिप में रहेंगे।

यूनिवर्सिटी की ओर से अगस्त में शुरू किए गए प्लेसमेंट अभियान में अब तक 200 से ज्यादा स्टूडेंट की प्लेसमेंट हो चुकी है। यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. लखविन्दर सिंह के अनुसार मौजूदा सत्र में अब तक के प्लेसमेंट अभियान में 204 स्टूडेंट विभिन्न शीर्ष कंपनियों के लिए चयनित हो चुके हैं। यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट के लिए आने वाली कंपनियों में डेकिन एयर कंडीशनिंग, हिताची, टीसीएस, सैमसंग, हीरो मोटो कॉप तथा मारुति



जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी

सुजुकी प्रमुख हैं। उन्होंने कहा यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के लिए सॉफ्ट स्किल तथा मॉक इंटरव्यू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस वर्ष प्लेसमेंट में यूनिवर्सिटी का प्रदर्शन स्टूडेंट्स की संख्या व पैकेज दोनों लिहाज से अच्छा रहा है। वर्ष 2017-18 में 316 स्टूडेंट की प्लेसमेंट हुई थी। जबकि वर्ष 2018-19 में 387 की हुई। जबकि इस साल मौजूदा प्लेसमेंट अभियान में अब तक 204 स्टूडेंट की प्लेसमेंट हो चुकी है। उन्होंने कहा यह लगातार तीसरा साल है जब अमेजन ने 27 लाख या इससे अधिक के पैकेज में स्टूडेंट की प्लेसमेंट दी है।